शिवपुरी समाचार
SHIVPURISAMACHAAR.COM

# SHIVPURI में बन रही थी नकली डीएपी खाद, फैक्ट्री पर छापा




नरेन्द्र जैन खनियाधाना। शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के खनियाधाना थाना सीमा के एक गांव में पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए नकली खाद बनाने की फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की है। इस कार्यवाही में बडी तदाद में नकली खाद बनाने का रॉ मटेरियल जब्त किया है। खाद फैक्ट्री के संचालक मौके पर नहीं मिले वही फैक्ट्री में काम करते हुए दो वर्करों को पुलिस ने पकडा है।

खनियाधाना थाना प्रभारी सुरेश शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कफार में नकली डीएपी खाद बनाने की अवैध मिनी फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है जिस पर खनियाधाना थाना प्रभारी ने कृषि विभाग को भी इसकी सूचना दी और टीमें बना कर बताएं हुए स्थान पर ग्राम कफार में एक मकान में छापा मारा,यह फैक्ट्री रसिभान लोधी पुत्र दयाचंद लोधी की बताई जा रही है।

इस मकान में बडी तदाद में नकली डीएपी खाद का निर्माण किया जा रहा है। नकली खाद होने की पुष्टि मौके पर कृषि विभाग की टीम ने की। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही  आरोपी  भाग निकले पर लेकिन मौके काम करने बाले दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया और भारी मात्रा में नकली डीएपी खाद बनाने में उपयोग किए जाने वाले रॉ मटेरियल को जप्त करने की कार्रवाही की है।

खनियाधाना पुलिस ने इस फैक्ट्री को संचालन करने वाले दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए  गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए है,जानकारी मिल रही है कि जिले में जब भी खाद का संकट होता था जब जब इस फैक्ट्री में नकली खाद का निर्माण किया जाता था। खाद के संकट के समय किसान का सरकारी खाद नहीं मिलता तो वह प्राइवेट लोगों से खाद खरीदने के लिए विवश हो जाता है इसी बात का फायदा यह फैक्ट्री संचालक उठा रहे थे।नकली खाद फसलों की पैदावार पर असर डालता है साथ में इंसान की सेहत पर भी बुरा असर पडता है।

Source: https://www.shivpurisamachaar.com/2024/11/shivpuri_19.html